मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्षः ■ अंक : 292 ■ मंगलवार, 18 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

एकता कपूर के खिलाफ FIR

# 65 इमारतों पर होगी तोड़क कार्रवाई

- डोंबिवली के हजारों परिवार हो जाएंगे बेघर
- केडीएमसी ने बिल्डिंग खाली करने का दिया निर्देश



**कल्याण.** केडीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे ने कहा है कि अदालत के आदेश के बाद कल्याण डोंबिवली में 65 इमारतों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद इन इमारतों को जमींदोज किया जाएगा। डोंबिवली कोपर स्थित साई गैलेक्सी की बिल्डिंग के निवासियों की याचिका हाई कोर्ट से खारिज होने के बाद लोग हताश हो गए हैं। चिंतित निवासियों को इमारत खाली करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस की मदद से जल्द ही इमारतों को खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी ओर, केडीएमसी ने स्पष्ट किया है कि चूंकि सरकार के पास अनधिकृत इमारतों में रहने वाले निवासियों के लिए पुनर्वास नीति नहीं है, इसलिए उनका पुनर्वास नहीं किया जा सकेगा। इसलिए, इन 65 इमारतों में रहने वाले निवासियों को बेघर होने का खतरा होगा। कल्याण डोंबिवली मनपा के अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर और मुहरों का उपयोग करके जाली दस्तावेज बनाकर महारेरा प्रमाण पत्र प्राप्त करके सरकार को धोखा देने के आरोप में कल्याण-डोंबिवली में 65 इमारतों को अनधिकृत घोषित किया गया। इस मामले में कल्याण डोंबिवली मनपा ने संबंधित बिल्डर के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

इस मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। दूसरी ओर, अदालत ने इन इमारतों को खाली करने का आदेश दिया है। इन इमारतों में रहने वाले परिवारों के लिए आवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में निवासियों ने कहा, 'आप हमारे मकानों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन हमारे साथ धोखा हुआ है। आप इमारत और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कब करेंगे?' वे ऐसा प्रश्न उठा रहे हैं। इस संबंध में कल्याण डोंबिवली मनपा के अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे ने कहा कि इन इमारतों को खाली कराकर उनके खिलाफ अनिवार्य कार्रवाई की जाएगी और निवासियों को स्थानांतरित करने के लिए पुलिस की मदद से प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि इन इमारतों को खाली कराकर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### मुआवजे की मांग

निवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को हम पर ध्यान देना चाहिए। मराठी लोगों का इस्तेमाल केवल राजनीति के लिए किया जा रहा है। यहां रहने वाली महिलाओं ने रोते हुए बताया कि झूठे दस्तावेज बनाकर लोगों को मकान बेचकर करोड़ों रुपये कमाने वाले बिल्डरों, अधिकारियों और राजनेताओं पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। हमें मुआवजा दिया जाए।

### क्या है मामला....

कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र में 65 इमारतों का मामला सामने आया था। बिल्डर ने झूठे दस्तावेज जमा कर महारेरा प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। डोंबिवली (पूर्व) के आयरे रोड से सटे साई गैलेक्सी बिल्डिंग में 160 परिवार रहते हैं, जबकि बाकी 65 इमारतें, जो अनधिकृत घोषित हो चुकी हैं, उनमें 6,500 परिवार रहते हैं। साई गैलेक्सी बिल्डिंग को 2019 में तीन डिवेलपर्स ने बनाया था। इसके बाद डिवेलपर्स ने आधिकारिक दस्तावेज देकर 32 से 34 लाख रुपये में मकान बेच दिए। 2023 में निवासियों को पहली बार नोटिस मिला कि ये घर अवैध हैं। इस बारे में मनपा में पूछताछ करने पर उन्हें ठोस जवाब नहीं दिया गया।

# ‘मैं तुम्हारा खेल खत्म कर दूंगा’



- मोबाइल दुकानदार को धमकी
- घटना CCTV में कैद
- शहर में बढ़ी गुंडागर्दी
- दुकान में की तोड़फोड़

**उल्हासनगर.** एक चौंकाने वाली घटना हुई है जिसमें एक व्यक्ति उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास एक मोबाइल दुकान में घुस गया, उसे चाकू दिखाकर धमकाया और उसकी दुकान में तोड़फोड़ की। मोहम्मद शाहिद जाकिर हुसैन उल्हासनगर के गजानन नगर में रहता है और रेलवे स्टेशन के पास उनकी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। बीती रात 8:30 बजे 'पाजी' नाम का एक अज्ञात व्यक्ति उसके चचेरे भाई सरफराज शेख की दुकान पर आया और बहस करने लगा। पाजी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया और जब शाहिद के छोटे भाई तौकीर ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अपनी शर्ट के नीचे छिपा चाकू निकाल लिया और धमकी दी, अगर तुम्हें यहां रहना है तो चुप रहो, नहीं तो मैं तुम्हारा खेल खत्म कर दूंगा।

आरोपियों ने दुकान के काउंटर पर रखी प्रिंटर कटर मशीन उठाकर फेंक दी, जिससे मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद आरोपी पाजी मौके से फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई।

# फर्जी दस्तावेज पर पासपोर्ट बनवा रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार



- विठ्ठलवाड़ी पुलिस की सतर्कता
- शहर में कई जगह छिपे हैं बांग्लादेशी
- पुलिस की धर पकड़ जारी

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है और उनकी सतर्कता के कारण पुलिस को फिर उल्हासनगर से एक और बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बांग्लादेशी नागरिक ज़ोरुल मोहम्मद शेख विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के पासपोर्ट सत्यापन कक्ष में वीजा सत्यापन के लिए आया था। जब पुलिस को उसके पास मौजूद दस्तावेजों पर संदेह हुआ और पता चला कि सभी दस्तावेज फर्जी हैं, तो अंडरकवर स्क्वॉड पुलिस कांस्टेबल भोईर, शिर्के, खांबेकर और कुर्ले ने आरोपी ज़ोरुल मोहम्मद शेख को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज पाए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 20 फरवरी तक पुलिस हिरासत में ले लिया है।

## कार ने महिला को कुचला, मौत




**बदलापुर.** बदलापुर के खरवई स्थित पनवेलकर भूमि कॉम्प्लेक्स के पास आज सुबह एक भयानक हादसा हुआ। एक महिला को तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला का नाम मथुरा रामा इर्ले है। इस हादसे का पूरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस मामले में बदलापुर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# नगर नियोजन विभाग में भ्रष्टाचार ?

- उच्चस्तरीय जांच की मांग




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के नगर नियोजन विभाग में बड़े घोटाले की आशंका है. 2467.970 वर्ग मीटर के प्लान को मंजूरी देते समय नियमों का उल्लंघन किए जाने का आरोप किया गया है. दिलचस्प बात यह है कि इस योजना को मंजूरी देते समय नवनियुक्त आयुक्त की मंजूरी भी नहीं ली गई। इस मामले में बड़े वित्तीय लेनदेन के गंभीर आरोप हैं तथा संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि महानगर पालिका के अधिकारियों ने निर्माण क्षेत्र के पेशेवरों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाया। इससे मनपा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

महानगर पालिका अधिनियम और आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, बड़े निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी देते समय आयुक्त का हस्ताक्षर अनिवार्य है। हालांकि 17 जनवरी को सुबह 10.30 बजे पदभार ग्रहण कर चुकी मनपा आयुक्त की मंजूरी के बिना नगर योजनाकार ने योजना को कैसे मंजूरी दे दी? ऐसा प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि उल्हासनगर महानगरपालिका के नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहले भी टीडीआर घोटाला कर बिल्डर लॉबी को फायदा पहुंचाया है। अब एक बार फिर संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि किसी बड़ी निर्माण परियोजना को मंजूरी देते समय बड़ा वित्तीय लेनदेन हुआ।

# हाजीमलंग में फ्युनिक्युलर कंपनी के मैनेजर से मारपीट

- फ्युनिक्युलर पर यात्रा की अनुमति न देने पर पिटाई

**कल्याण.** कल्याण के निकट हाजीमलंग (श्री मलंगगढ़) में फ्युनिक्युलर ट्रेन का कार्य अंतिम चरण में है। चूंकि यह ट्रेन यात्रा ट्रायल पर है, इसलिए परीक्षण के दौरान कुछ नागरिकों ने अपने जोखिम पर इस फ्युनिक्युलर पर यात्रा की। प्रतीक पाटिल नामक व्यक्ति ने उनसे मांग की कि उन्हें हाजीमलंग पहाड़ तक ले चले क्योंकि उनके परिचित नागरिक वहां पहुंच गए हैं। लेकिन परियोजना निदेशक सत्यभारत दास ने कहा कि रखरखाव कार्य जारी रहने के कारण फ्युनिक्युलर ट्रेन को बंद कर दिया गया है। उनसे कहा गया कि काम पूरा होने के बाद उन्हें पहाड़ पर छोड़ दिया जाएगा। इस तरह के व्यवहार से प्रतीक पाटिल नाराज हो गए और उसने सत्यभ्राता दास की पिटाई की और उनसे बदला लेने की धमकी दी। इसके बाद डर के मारे सत्य भ्राता दास और उनके कर्मचारियों ने हिललाइन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, आवेदन देने के तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक उनके खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया है।

# बदलापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फीट ऊंची अश्वारूढ़ प्रतिमा

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों आज होगा अनावरण



**बदलापुर.** छत्रपति शिवाजी महाराज के स्पर्श से पवित्र हुए बदलापुर शहर में शिवाजी के इतिहास की स्मृति को संरक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके एक भाग के रूप में, बदलापुर गांव के प्रवेश द्वार के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची घुड़सवार प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा का अनावरण राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मंगलवार को करेंगे।

छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा के अनावरण समारोह की तैयारियां पिछले एक सप्ताह से चल रही हैं। प्रतिमा को सतारा से सड़क मार्ग से बदलापुर लाया गया। उस समय नगर परिषद के दुबे अस्पताल से लेकर उल्हास नदी तक प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई. विधायक किसन कथोरे, पूर्व महापौर राजेंद्र घोरपड़े, भाजपा नगर अध्यक्ष शरद तेली, संजय भोईर आदि सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पारंपरिक मराठा वेशभूषा में बड़े उत्साह के साथ जुलूस में शामिल हुए। आतिशबाजी, संगीत वाद्ययंत्रों की ध्वनि और छत्रपति शिवाजी महाराज के जयकारों के साथ निकला यह जुलूस मनमोहक था। बदलापुर गांव की ओर जाने वाली सड़क पर उल्हास नदी के तट पर बने एक मंच पर शिवाजी की घुड़सवार प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा का अनावरण राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मंगलवार को करेंगे।

विधायक किसन कथोरे की संकल्पना के माध्यम से बदलापुर में इस ऐतिहासिक स्मृति को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके एक भाग के रूप में, उल्हास नदी के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा स्थापित की गई है। उल्हासनदी से बदलापुर गांव में छत्रपति शिवाजी महाराज मंदिर तक जाने वाली सड़क को शिवकालीन स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

# पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ की जमानत अर्जी खारिज



**कल्याण.** कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आर. जी. वाघमारे ने भाजपा के पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है. पूर्व पार्षद महेश गायकवाड़ पर गोली चलाने की घटना के एक साल बाद पूर्व विधायक गायकवाड़ ने कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया था। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद गणपत गायकवाड़ की जमानत याचिका खारिज कर दी।

गणपत गायकवाड़ की ओर से एक वकील ने कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन दायर किया। जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस बार गोलीबारी की घटना का प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य मिला है। विरोधी वकील ने अदालत में यह मुद्दा उठाया कि यदि गायकवाड़ को जमानत दे दी गई तो वह गवाहों पर दबाव डाल सकते हैं तथा उन्हें गवाही देने से रोक सकते हैं। इस समय गणपत गायकवाड़ के वकीलों द्वारा दलीलें दी गईं। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ की जमानत याचिका खारिज कर दी।

विदित हो कि पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ ने हिललाइन पुलिस थाने के भीतर ही 2 फरवरी 2024 की रात फायरिंग की थी. जिसमें एकनाथ शिंदे गुट के पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड़ और उनके सहयोगी राहुल पाटिल घायल हो गए. पुलिस के मुताबिक गणपत गायकवाड़ ने चार गोलियां चलाईं.

# मैं अंबरनाथ का सचिन तेंदुलकर हूं, मैं आउट होनेवाला नहीं : किणीकर

- किणीकर नकली सचिन तेंदुलकर : राजेश वानखेड़े

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ का मैं सचिन तेंदुलकर हूं. मैं आउट होने वाला प्लेयर नहीं हूं. अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने फिर एक बार अंबरनाथ के खुंटवली में पूर्व नगरसेवक संदीप लोटे द्वारा आयोजित लोटों क्रिकेट कप में किणीकर ने उपस्थिति दर्ज करके क्रिकेट भी खेला और शब्दों के शॉट भी लगाए.

इसके जवाब में शिवसेना उबाठा के नेता राजेश वानखेडे ने कहा है कि किणीकर नकली सचिन तेंदुलकर हैं. किणीकर ने क्रिकेट मैच में कहा है कि कुछ लोगों को क्रिकेट खेलने का शौक है. पर मैं आउट होने वाला प्लेयर नहीं हूं. मैं अंबरनाथ का सचिन तेंदुलकर हूं. लोटे ने अब फुटबाल मैच रखना चाहिए. इस पर से संदीप लोटे ने कहा कि वह कुश्ती के मुकाबले रखेंगे. एक प्रेक्षक ने कहा कि इसके लिए बॉडी चाहिए. विधायक किणीकर ने किसी का नाम लिए बिना ही ये कहा है. इसलिए ये कहना मुश्किल है कि उन्होंने किसको संबोधित करते हुए ये कहा है.

विदित हो कि शिवसेना शिंदे गट में आपसी गटबाजी चल रही है. उस पर से ये टोलेबाजी शहर में चल रही है. इस बीच शिवसेना उबाठा के नेता राजेश वानखेडे भी मैदान में कूद गए हैं. उन्होंने कहा है कि किणीकर नकली तेंदुलकर हैं. किणीकर राजकीय व्यक्ति हैं. तेंदुलकर महान क्रिकेट खिलाड़ी हैं. एकनाथ शिंदे के आशीर्वाद से वह जीत कर आए हैं. शिंदे अंपायर हैं. उन्होंने उंगली ऊपर किया तो किणीकर का विकेट गिरना है.

# भाजपा नेता ने लहराया रिवाल्वर

- पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- उपायुक्त झेंडे बोले, हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं



**कल्याण.** बहन के हल्दी कार्यक्रम में ‘मैं हूं डॉन’ गाने पर हाथ में रिवाल्वर लहराकर ठुमका लगाना भाजपा पदाधिकारी चिंतामण लोखंडे को भारी पड़ गया है. पुलिस उपयुक्त अतुल झेंडे के निर्देश पर खड़कपाड़ा पुलिस ने लोखंडे व उनके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. इस संदर्भ में पुलिस उपयुक्त झेंडे ने कहा है कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. शनिवार को उंबर्डे गांव में हल्दी के कार्यक्रम में रिवाल्वर को लेकर डांस करने का वीडियों तेजी से वायरल हुआ था.

कल्याण पश्चिम स्थित उंबर्डे गांव में भाजपा ओबीसी सेल के उपाध्यक्ष चिंतामण लोखंडे की बहन के हल्दी समारोह में चिंतामन लोखंडे, गांव लोगों, रिश्तेदार, बच्चे व महिलाएं ‘मैं हूं डॉन’ गाने पर नाच रहे थे. इस नृत्य और गीत कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुरू था. जब मंच पर सभी नाच रहे थे. तभी अचानक चिंतामन लोखंडे नृत्य करने के लिए मंच पर आ गए. नाचते समय उन्होंने आत्मरक्षा के लिए अपनी शर्ट के अंदर कमर के दाहिनी ओर रखी रिवॉल्वर निकाल ली. उन्होंने रिवॉल्वर अपने बाएं हाथ में ली, हाथ ऊपर उठाया और उसे अपने हाथ में घुमाने लगे. उपस्थित लोग चिंतामन की इस हरकत देख कर और जोश में आ गए. चिंतामन लोखंडे जब हाथ में रिवॉल्वर लेकर नाच रहे थे, तो उनके सामने महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे नाच रहे थे. चिंतामन लोखंडे का हाथ में रिवॉल्वर लेकर नाचते हुए एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि यदि इस समय रिवॉल्वर के साथ कोई दुर्घटना घट जाती तो बड़ा अनर्थ हो जाता था.

पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने सोशल में वायरल फुटेज को गंभीरता से लिया और खड़कपाड़ा पुलिस को संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया. पुलिस ने फुटेज की पुष्टि की और रिवॉल्वर के मालिक चिंतामन लोखंडे और उसके भाई के खिलाफ खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शस्त्र नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया. खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोड़े के मुताबिक संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच की जा रही है.

उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले भी एक हल्दी के कार्यक्रम में इसी तरह से हथियार का प्रदर्शन किया गया था.उस समय भी संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था.और उस व्यक्ति का हथियार लाइसेंस रद्द कर दिया गया था.

# ‘योजना से निकाली गई लाड़ली बहन को लेकर मंत्रियों के केबिन में घुस जाएंगे’



- अंबरनाथ में बोले विधायक जितेंद्र आव्हाड़

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** लाड़ली बहन योजना के अनुसार महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनके वोट लिए. सरकार सत्ता में आई. अब महिलाओं के नाम लाड़ली बहन योजना से निकाले जा रहे है. ये महिलाओं के साथ अन्याय है. वोट की खातिर महिलाओं को फंसाया गया है. अब हम महिलाओं को लेकर मंत्रियों के केबिन में घुस जाएंगे. उनका हम जीना मुश्किल कर देंगे. ऐसा उद्गार राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) के विधायक एवं पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड़ ने अंबरनाथ में एक कार्यक्रम में व्यक्त किया.

अंबरनाथ राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष सदाशिव पाटिल, सदा मामा प्रतिष्ठान द्वारा शहर पूर्व के हरिओम पार्क में हलदी कुंकू समारोह एवं शहर के पत्रकारों का सत्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस कार्यक्रम में जितेंद्र आव्हाड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए ये बात कही है. सदाशिव पाटिल पूर्व राकांपा युवक अध्यक्ष सचिन पाटिल, महिला अध्यक्षा पूनम शेलार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगभग 6 हजार महिलाओं को भेंट वस्तु दिए गए. पत्रकार सुनिल अहिरे, अजय चिरिवेला, राजेंद्र सूर्यवंशी आदि का सत्कार करके उन्हें भेंट वस्तु जितेंद्र आव्हाड़ एवं सदाशिव पाटिल के हाथों दिए गए. कार्यक्रम में महिला प्रदेश महासचिव विद्याताई वेखंडे, श्रीमती आव्हाड़, आशा पाटिल, सचिन पाटिल, विनोद शेलार, पूनम शेलार आदि उपस्थित थे.

# बढ़ते तापमान के कारण हीटस्ट्रोक का खतरा

**कल्याण.** सूरज की बढ़ती गर्मी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। दोपहर में यात्रा करने वालों को हीटस्ट्रोक का खतरा हो सकता है। इस साल फरवरी के दूसरे सप्ताह में पारा 36 डिग्री को पार कर गया है। इससे विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, जिनमें सबसे आम है हीट स्ट्रोक का खतरा। परिणामस्वरूप, डॉक्टरों ने नागरिकों से बढ़ते तापमान में सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

सड़क पर चलते समय पसीना आने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जैसे दृष्टि धुंधली होना, थकान होना और अचानक चक्कर आना। डॉक्टरों का कहना है कि किसी भी उम्र के लोग इस समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं। यद्यपि गर्मियों में ऐसी शिकायतें आम हैं, लेकिन ये लक्षण हीटस्ट्रोक के संकेत भी हो सकते हैं। डॉक्टर सलाह दे रहे हैं कि इसे और अधिक गंभीरता से लेने की जरूरत है।

बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ती हैं। शरीर में पानी का स्तर कम होने के कारण हर साल थकान, चक्कर आना, सिरदर्द और पेट संबंधी बीमारियां होती हैं। यद्यपि गर्मी पूरे दिन महसूस की जाती है, लेकिन सबसे अधिक तापमान सुबह 11:30 बजे से शाम 4 बजे के बीच दर्ज किया जाता है। इसलिए, इस अवधि के दौरान अपने घरों से निकलकर लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ता है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — संपादकीय

## सख्ती के बावजूद 122 करोड़ का गबन

सहकारी बैंकों में अपनी गाढ़ी कमाई जमा करना अब लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोग अपनी जरूरतों में कटौती कर बेटी की शादी या बच्चों की शिक्षा के लिए इस भरोसे से अपनी छोटी पूंजी जमा करते हैं ताकि समय आने पर उसका सदुपयोग करेंगे। मगर सहकारी बैंकों में जिस तरह आए दिन गबन और घोटाले सामने आ रहे हैं, उससे उनका विश्वास डगमगा गया है।

यह सच्चाई है कि इन बैंकों से कर्ज लेकर कुछ शातिर गायब हो जाते हैं और कभी-कभी तो प्रबंधक ही धांधली कर गरीबों की जमाराशि डकार जाते हैं। रिजर्व बैंक की सख्ती के बावजूद सहकारी बैंक अपने आय-व्यय ब्योरे में गड़बड़ियां करते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है।

हालांकि रिजर्व बैंक ने कड़े कदम उठा कर और कई पाबंदियां लगा कर संकेत दिया है कि वह ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसे बैंक ग्राहकों की चिंता है। कोई दो मत नहीं कि अब इन बैंकों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता कायम करना आवश्यक है।

चिंता की बात है कि सहकारी बैंकों में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। ये बैंक अपने बड़े कारोबार दर्शा कर आम नागरिकों को पैसे जमा करने और अधिक ब्याज का प्रलोभन देते हैं। हालांकि इन बैंकों के नियमन और निगरानी की व्यवस्था है, फिर भी इनके संचालन से जुड़े कर्मचारी और प्रबंधक अनियमितताएं तथा गबन कर सहकारी भावना को ठेस पहुंचाते हैं।

यह पहली बार नहीं, जब रिजर्व बैंक ने इतनी बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक में घोटाले सामने आने पर केंद्रीय बैंक ने कई पाबंदियां लगाई थीं। बाद में उस बैंक का अधिग्रहण कर लिया गया था। मगर सवाल यह है कि तमाम सख्तियों के बावजूद सहकारी बैंकों में अनियमितताएं क्यों बढ़ रही हैं। यह तो ग्राहकों के भरोसे के साथ बैंकों का विश्वासघात ही है।

# विरूपित इतिहास के घातक परिणाम, पुनर्लेखन समय की मांग

संस्कृति समृद्ध समाज की अस्मिता की पहचान का मूल इतिहासबोध है, लेकिन भारतीय इतिहास का योजनाबद्ध विरूपण हुआ है। उत्तर प्रदेश के संभल में एएसआइ सर्वेक्षण के दौरान मंदिर और कुओं के अवशेष मिले हैं। संभल कल्कि देव समिति की पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट और पतंजलि विश्वविद्यालय की बैठक में घोषणा की गई है कि ऐतिहासिक स्थलों की प्राचीनता का अध्ययन होगा।

कार्बन डेटिंग सहित सभी उपकरणों की सहायता ली जाएगी। ऐतिहासिक महत्व के अनेक स्थलों की जांच अधूरी है। अब तक 68 मंदिर और 19 कुओं सहित ऐतिहासिक महत्व की तमाम सामग्री प्राप्त हुई है। इतिहास का विरूपण केवल संभल में ही नहीं हुआ। देश के अनेक हिस्सों में इतिहास को विकृत करने और सांस्कृतिक तथ्यों को मिटाने की कोशिशें हुई हैं।

मध्यकाल में मंदिर ध्वंस की हजारों घटनाएं ऐसी ही हैं। इतिहास में जय, पराजय, विषाद और प्रसाद साथ-साथ होते हैं। इसमें प्रेरक प्रसंग होते हैं और गलतियां भी। इतिहास का एक भाग अकरणीय होता है। एक भाग करणीय होता है और बड़ा भाग अनुकरणीय एवं विचारणीय। प्रत्येक संस्कृति का अपना इतिहास होता है। इतिहास की अपनी संस्कृति होती है।

वेद, उपनिषद और रामायण-महाभारत इतिहास हैं, किंतु साम्राज्यवादी हितों के पोषक तत्वों ने श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि को कल्पना बताया है। वैदिक आर्यों को विदेशी आक्रांता बताया गया। अब यह सिद्ध हो गया है कि आर्य विदेशी



नहीं थे और न ही हमलावर। वैदिक पूर्वजों पर सिंधु घाटी की सभ्यता नष्ट करने का आरोप लगाया गया था। वस्तुतः यह सभ्यता वैदिक सभ्यता का विस्तार थी।

आर्य आक्रमण के झूठे इतिहास की पोल खुल चुकी है। भारत में ब्रिटिश साम्राज्यवादी हितों को मजबूत करने के लिए भारत को सदा पराजित देश बताया गया। हमारे ऐतिहासिक नायकों की भी उपेक्षा की गई। तमाम इतिहासकार अंग्रेजीराज का औचित्य सिद्ध करने में जुटे थे। उन्होंने भारत को राष्ट्र ही नहीं माना। इस पक्षपातपूर्ण इतिहास में केरल के मार्तंड वर्मा, बंगाल के भास्कर बर्मन, बहराइच (उप्र) के राजा सुहेलदेव के पराक्रम के तथ्य नहीं हैं।

छत्रपति शिवाजी की राष्ट्रभक्ति और पौरुष पराक्रम की उपेक्षा की गई है। वर्ष 1857 में देश में पहले स्वाधीनता संग्राम को ब्रिटिश भक्त इतिहासकारों ने सिपाही विद्रोह बताया। सावरकर ने इसे प्रथम स्वाधीनता संग्राम आंदोलन बताया था। इतिहास विरूपकों ने यही स्थापित किया कि भारत आत्महीन देश है। अंग्रेज और इस्लाम आने के पहले भी भारत पर कई जातियों ने हमले किए थे।

उनके अनुसार भारत कभी नहीं जीता। वे सिद्ध करना चाहते थे कि पराजित बने रहना भारत की नियति है। यह मुस्लिम आक्रमणों से हारा। लंबे समय तक इस्लामी-अंग्रेजी सत्ता के अधीन रहा, जबकि सच ऐसा नहीं था। इसके बावजूद हम इतिहास में अपने पूर्वजों के पराक्रम के अंश खोजते ही रह जाते हैं। क्या हम अंग्रेजी वामपंथी इतिहासकारों के तथ्यहीन इतिहास पर निर्भर नहीं हैं? तथ्यहीन इतिहास प्रेरित नहीं करता। छद्म सेक्युलरों ने भारतीय जनता को पराजित मानसिकता में बनाए रखने की मुहिम चला रखी है। सही इतिहास यह है कि भारत ने विदेशी आक्रांताओं का प्रतिरोध किया है। अरबों को इतिहास में विजेता कहा जाता है। इसका दूसरा पहलू बंकिम चंद्र ने लिखा है, 'अरब एक प्रकार से दिग्विजयी रहे हैं। उन्होंने जहां-जहां आक्रमण किए, वहां-वहां जीते। मगर फ्रांस और भारत से पराजित होकर लौटे। हजरत मोहम्मद के बाद छह वर्ष के भीतर उन्होंने मिस्र एवं सीरिया, 10 वर्ष में ईरान, फिर एक वर्ष के भीतर अफ्रीका और स्पेन को, 80 वर्ष के भीतर काबुल को, आठ वर्षों के भीतर तुर्किस्तान पर अधिकार किया, लेकिन 300 वर्ष की लंबी अवधि में भी भारत को हस्तगत नहीं कर पाए।' सेक्युलर लिबरल भारत को अभी भी विभाजित समूहों का देश मानते हैं। राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्र नहीं, बल्कि राज्यों का समूह बताया है। यह तथ्यहीन है। भारत संप्रभु राष्ट्र राज्य है। यहां सभी राज्य भारत के अंग हैं। इसीलिए संसद को किसी राज्य को छोटा या बड़ा बनाने के अधिकार हैं।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारे भीतर आत्मा की असीम शक्ति व ऊर्जा मौजूद है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# राजनैतिक पार्टियों को RTI में लाने की तैयारी

राजनीतिक दलों को भी सूचनाधिकार कानून के दायरे में लाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। मगर पार्टियां इस तर्क पर इसका विरोध करती रही हैं कि इस तरह लोग उनके हर गोपनीय फैसले, हर कदम के बारे में भी जानकारी मांगना शुरू कर देंगे। राजनीतिक दलों का पंजीकरण जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत होता है, उन्हें सरकार का हिस्सा नहीं माना जा सकता कि उनके हर फैसले के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई की तारीख तय कर दी है। उसने केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और छह प्रमुख राजनीतिक पार्टियों से कहा है कि इस संबंध में वे अपना तर्क पेश करें।

केंद्रीय सूचना आयोग ने भी 2013 में कहा था कि राजनीतिक पार्टियों का कामकाज सूचनाधिकार कानून के दायरे में आता है। मगर उस पर अब तक किसी भी दल ने अमल नहीं किया है। इसे लेकर एक स्वयंसेवी संगठन और एक अधिवक्ता ने याचिका दायर की थी। अदालत ने उन दोनों याचिकाओं को साथ मिला कर सुनवाई करने का फैसला किया है। यह मामला पिछले दस वर्षों से लटका हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम से यह उम्मीद बनी है कि राजनीतिक दलों की जवाबदेही को लेकर कोई सकारात्मक कदम उठाया जा सकेगा।

पार्टियों के कामकाज में पारदर्शिता का सवाल तब गाढ़े रूप में उठाया जाने लगा था, जब चुनावी चंदे को लेकर शक पैदा हुआ था। चुनावी चंदे के संबंध में सरकार ने नियम बनाया था कि उसके ब्योरे नहीं मांगे जा सकते। पार्टियों को यह बताना जरूरी नहीं होगा कि उन्होंने




किससे कितना चंदा लिया।

बैंक भी इससे संबंधित ब्योरे गोपनीय रखेंगे। मगर जब इसे अदालत में चुनौती दी गई तो सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस तरह चुनावी चंदे लेना गैर-संवैधानिक है। इस तरह यह तय हुआ कि राजनीतिक दल सूचना का अधिकार कानून के दायरे से बाहर नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं ने केंद्रीय सूचना आयोग और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के आलोक में ही कहा है कि राजनीतिक दलों को सूचनाधिकार कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

यह ठीक है कि राजनीतिक दलों का पंजीकरण जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत होता है, मगर इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि वे आम लोगों को अंधेरे में रख कर गतिविधियां चलाएं। चुनावी चंदे पर फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि जो लोग पार्टियों को चंदा देते हैं, उन्हें यह जानने का अधिकार है कि उस पैसे का कहां और किस तरह उपयोग किया गया। यह छिपी बात नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राजनीतिक दलों को भारी पैमाने पर चंदा मिल रहा है और वे उससे संबंधित विवरण छिपाने का प्रयास करते हैं, उसे लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं कही जा सकती।

सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्राप्त विवरणों से जाहिर हुआ कि बहुत सारी कंपनियों और व्यक्तियों ने राजनीतिक दलों को काफी बड़ी रकम इसलिए दी थी कि उन्हें उसके बदले कोई कारोबारी लाभ मिला था। इस तरह राजनीतिक दलों की नैतिकता और पारदर्शिता पर सवाल उठे थे। अगर राजनीतिक दलों को लगता है कि उनके आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप न हो, तो कुछ बिंदुओं को अलग किया जा सकता है। मगर उनके वित्तीय आदि पक्षों को जवाबदेही के दायरे में लाने से क्यों गुरेज होना चाहिए। राजनीतिक दलों के कामकाज में पारदर्शिता तो होनी ही चाहिए।

# यहां AI चैटबॉट को बॉयफ्रेंड बना रहीं लड़कियां

**जरा हट के**

हर लड़की चाहती है कि उसका प्रेमी उसकी बातें सुने, उसकी समस्याओं का सामाधन दे, जब वो अपने पूरे दिन का हाल उसे सुनाए, तो वो उसमें अपनी भी प्रतिक्रिया दे. पर हर पुरुष ऐसे कहां होते हैं. रोजमर्रा के कामों में वो भी इतने व्यवस्थ होते हैं कि कई बार तो अपनी प्रेमिका का फोन भी नहीं उठाते, उनके मैसेज का वक्त पर जवाब भी नहीं देते. बस इसी वजह से चीन में एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है. यहां पर लड़कियां अब इंसानों को बॉयफ्रेंड बनाने की जगह AI को अपना बॉयफ्रेंड बना रही हैं.

फोर्ब्स के हवाले से एनडीटीवी ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि 32 साल की एलीसिया वैंग शंघाई के एक अखबार की संपादक हैं. उनके बॉयफ्रेंड का नाम ली शेन है जो 27 साल का है और एक सर्जन है. अंग्रेजी में उसका पेट नाम ज़ायन है. ज़ायन लंबा और स्मार्ट है, तुरंत एलीसिया



के मैसेज का जवाब देता है, फोन भी तुरंत उठा लेता है. एलीसिया की समस्याओं को ध्यान से सुनता है. पर सिर्फ एक समस्या है, वो ये कि ज़ायन असली इंसान नहीं है, बल्कि एक किस्म का AI चैटबॉट है.

दरअसल, चीन में एक स्मार्टफोन गेम काफी पॉपुलर हो रहा है, जिसका नाम लव एंड डीपस्पेस है. जनवरी 2024 में ये लॉन्च हुआ था. इसे शंघाई की कंपनी, पेपर गेम्स ने बनाया है. ये गेम AI और वॉइस रिकगनिशन की मदद से 5 पुरुष किरदारों को तैयार करता है, जो प्रेमी की तरह इस गेम की यूजर्स से बातें करते हैं, उनसे फ्लर्ट करते हैं और कई मामलों में उनकी मदद भी करते हैं. एलीसिया भी उन्हीं लाखों खिलाड़ियों में से एक हैं, जो इस गेम के जरिए एआई को अपना बॉयफ्रेंड बना चुकी हैं.

# महिलाओं में क्यों ज्यादा होता है आर्थराइटिस का खतरा?

### ■ इससे बचे रहने के लिए क्या उपाय करें

**आर्थराइटिस को गठिया भी कहा जाता है। इस समस्या के कारण जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न की दिक्कत होने लगती है। यह शरीर के किसी भी जोड़ को प्रभावित कर सकता है, लेकिन हाथों, घुटनों, कूल्हों और पैरों में इसका जोखिम सबसे आम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो आर्थराइटिस की दिक्कत किसी को भी हो सकती है। पुरुष हो या महिला या फिर बच्चे सभी इस समस्या का शिकार देखे जा रहे हैं। हालांकि कई रिपोर्ट्स बताते हैं कि महिलाओं में आर्थराइटिस (गठिया) का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक होता है। इसके पीछे कई जैविक, हार्मोनल और जीवनशैली संबंधी कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। डॉक्टर कहते हैं, सभी महिलाओं को कम उम्र से ही आर्थराइटिस से बचाव के लिए उपाय करना शुरू कर देना चाहिए।**



### महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा अधिक क्यों होता है?

इस बारे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि कई स्थितियां हैं जो आपमें गठिया की दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। आमतौर पर महिलाओं में रजोनिवृत्ति के बाद ये समस्या बढ़ जाती है। रजोनिवृत्ति यानी कि मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी होने लगती है, ये हार्मोन हड्डियों को मजबूती बनाए रखने में मदद करता है। इस वजह से हड्डियां और जोड़ों की सेहत प्रभावित होने लगती है।

इसके अलावा कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं का इम्यून सिस्टम अधिक सक्रिय होता है, जिससे ऑटोइम्यून डिजीज (रूमेटॉइड आर्थराइटिस) होने की आशंका बढ़ जाती है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं के हड्डियों का घनत्व कम होता है, जिससे वे ऑस्टियोआर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं।

### आर्थराइटिस के जोखिम कारकों के बारे में जानिए

डॉक्टर बताते हैं, महिलाओं में आर्थराइटिस के जोखिमों को बढ़ाने के लिए कई और कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के हड्डियों और जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ता है इसके अलावा कैल्शियम और विटामिन डी की कमी हड्डियों को कमजोर कर सकती है। हालांकि अच्छी बात ये है कि आप पहले से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आर्थराइटिस के जोखिमों को कम कर सकती हैं।

शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान आपमें गठिया का जोखिम बढ़ाने वाला हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप लाइफस्टाइल को ठीक रखें।

### आर्थराइटिस से बचे रहने के लिए क्या करें?

**खान-पान रखें ठीक:** पौष्टिक आहार का सेवन जैसे कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजें दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां खाना आपके लिए फायदेमंद है। ओमेगा-3 फैटी एसिड (मछली, अखरोट, अलसी के बीज) और एंटी-इंफ्लेमेटरी फूड्स (हल्दी, लहसुन, अदरक) को भी आहार में शामिल करें।

**नियमित व्यायाम करें:** हल्की स्ट्रेचिंग और योग जैसे अभ्यास फायदेमंद हैं। वॉकिंग, साइकिलिंग और तैराकी से जोड़ों को लचीला बनाए रखा जा सकता है। अधिक वजन होने से भी घुटनों पर दबाव बढ़ जाता है, इसलिए वजन कम करें। हार्मोनल संतुलन बनाए रखने के लिए मेनोपॉज के बाद डॉक्टर से हड्डियों की सेहत को लेकर सलाह लें।

# सिंधी आलू टुक




**आलू टुक एक फेमस सिंधी स्नैक है जिसे आलू को फ्राई करके और कुछ मसालों के साथ मिलाकर तैयार किया जाता है। अगर आपको चटपटा खाने की क्रेविंग हो तो आप इस डिश को फटाफट तैयार कर सकते हैं। आलू टुक बनाने का सबका तरीका अलग हो सकता है, यहां बताए गए तरीके से आप मिनटों में इस टेस्टी डिश को बनाकर खा सकते हैं। देखिए सिंपल रेसिपी–**

**सामग्री :**

- 7-8 आलू बड़े, या फिर 12-15 छोटे आलू
- तलने के लिए तेल
- 1 चम्मच नमक
- चुटकीभर हल्दी पाउडर
- 1.5 चम्मच धनिया पाउडर
- 1.5 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच चाट मसाला
- 1/2 चम्मच अमचूर पाउडर
- 2-3 हरी मिर्च (वैकल्पिक)
- फ्रेश हरा धनिया
- 1/2 नींबू



**विधि :**

अगर आप बड़े आलू का इस्तेमाल कर रहे हैं तो इसे धोकर छील लें और फिर मोटे मोटे गोल टुकड़ों में काट लें। अगर आलू छोटे वाले हैं तो इन्हें अच्छे से धोएं और फिर उबाल लें। जब ये 90 परसेंट उबल जाएं तो इन्हें ग्लास या फिर हाथों की मदद से चपटा कर लें। अब पहले तलने के लिए तेल गर्म करें। ध्यान रखें फ्राई करते समय आंच मध्यम होनी चाहिए और तेल ज्यादा गर्म नहीं होना चाहिए। फिर इसमें आलू डालें और 5-7 मिनट तक पकाएं। जब यह अंदर से पक जाएं तो तेल से निकालने के बाद इन्हें एक प्लेट में रखें। आलू को क्रिस्पी करने के लिए आप डबल फ्राइंग तरीके को भी अपना सकते हैं। अगर आपने बड़े आलू का इस्तेमाल किया है और डायराक्ट फ्राई किए हैं तो आप इन्हें कटोरी या ग्लास की मदद से दबा दीजिए। और फिर से दूसरी बार तलें। एक बार जब आलू कुरकुरे और सुनहरे हो जाएं तो उन्हें तेल से निकालें। अब इन आलू में सभी मसाले डालें और अच्छे से मिक्स करें। इसमें हरी मिर्च और नींबू का रस मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स कर लें।अब ताजे धनिया से सजाएं और आलू टुक का मजा लें।

# प्रेशर कुकर में नहीं पकाने चाहिए ये फूड आइटम्स

### ■ सेहत के लिए है खतरनाक, हर इंसान करता है यह गलती

प्रेशर कुकर आजकल हर किचन का एक अहम हिस्सा बन चुका है, क्योंकि यह खाना जल्दी और आसानी से पकाने में मदद करता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ फूड आइटम्स को प्रेशर कुकर में पकाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है? कई फूड आइटम्स ऐसे होते हैं जो कुकर में पकाने से अपने जरूरी पोषक तत्व खो देते हैं या फिर सेहत के लिए नुकसानदायक बन सकते हैं. आइए जानते हैं ऐसे फूड आइटम्स के बारे में जिन्हें प्रेशर कुकर में पकाने से बचना चाहिए.

प्रेशर कुकर में दूध या कोई भी डेयरी प्रोडक्ट को नहीं पकाना चाहिए. हाई टेम्परेचर पर दूध जल्दी फट सकता है और इसके पोषक तत्व नष्ट हो सकते हैं. साथ ही, यह कुकर में चिपक भी जाता है, जिससे साफ करना मुश्किल हो जाता है. इसके अलावा पालक, सरसों, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को कुकर में पकाने से इनमें मौजूद विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट खत्म हो जाते हैं. साथ ही, यह नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदल सकता है, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है. पास्ता और नूडल्स को प्रेशर



कुकर में पकाने से वे अत्यधिक नरम और चिपचिपे हो जाते हैं. इन्हें अलग पैन में उबालना बेहतर होता है.

टमाटर, इमली, दही, और नींबू जैसे खट्टे खाद्य पदार्थों को कुकर में पकाने से उनमें मौजूद एसिडिक गुण कुकर की धातु के साथ रिएक्ट कर सकते हैं. इससे भोजन में हानिकारक तत्व घुल सकते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसके अलावा अंडे को प्रेशर कुकर में उबालने से यह फट सकते हैं और अंदर का प्रोटीन जरूरत से ज्यादा पकने से उसका पोषण कम हो सकता है. इसलिए अंडों को सॉसपैन में उबालना ज्यादा सुरक्षित और फायदेमंद होता है. इसके अलावा मछली और झींगा को कुकर में पकाने से वे बहुत जल्दी ओवरकुक हो जाते हैं और इनका स्वाद और टेक्सचर खराब हो जाता है. इन्हें हल्की आंच पर सॉटे करना या स्टीम करना ज्यादा बेहतर होता है.

# कमरख खाने से सेहत को मिलते हैं 7 फायदे

### ■ डायबिटीज

डायबिटीज रोगियों के लिए कमरख का फल ही नहीं बल्कि इस फल की पत्तियां तक बेहद फायदेमंद मानी जाती हैं। स्टार फ्रूट पौधे की पत्तियों से निकलने वाले अर्क सीरम ग्लूकोज के लेवल में सुधार करके डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। डायबिटीज रोगी कमरख के फल और पत्तियों, दोनों का सेवन कर सकते हैं।

### ■ मजबूत पाचन तंत्र

कमरख में मौजूद फाइबर की अच्छी मात्रा पाचन क्रिया को बेहतर बनाए रखने में मदद करती है। जिससे पेट की गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत मिलने के साथ आंतों की सेहत भी अच्छी बनी रहती है।

### ■ वेट लॉस

कमरख में मौजूद फाइबर और पोषक तत्वों की अच्छी मात्रा सेहत के लिए इसे बेस्ट फल बनाते हैं। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखकर मेटाबॉलिज़्म को तेज करता है। जिससे शरीर में मौजूद कैलोरीज तेजी से बर्न होती है। वेट लॉस के लिए आप इस फल का सेवन शाम के समय भूख लगने पर स्नैक के तौर पर कर सकते हैं।



### ■ कोलेस्ट्रॉल

कमरख में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के गुण मौजूद होते हैं। कमरख में पाया जाने वाला फाइबर पाचन-तंत्र के साथ हार्ट का भी ख्याल रखता है। बता दें, कमरख में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, ब्लड शुगर को स्थिर करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। ये सभी चीजें हार्ट हेल्थ में सुधार के लिए बहुत जरूरी होती हैं।

### ■ कमजोरी करें दूर

कमरख में मौजूद पोषक तत्त्व शारीरिक कमजोरी को दूर करने में भी मदद करते हैं। कमरख का स्वाद कच्चा होने पर खट्टा और पकने पर मीठा होता है। खट्टे कमरख की खटास आपके भीतर ऊर्जा भरती है जिससे व्यक्ति की कमजोरी दूर होती है।

### ■ बवासीर

कमरख खाने से बवासीर की समस्या में आराम मिल सकता है। पाइल्स की समस्या से निजात पाने के लिए कमरख के फल को काटकर उसमें थोड़ा सा नमक, मिर्च लगाकर खा सकते हैं। इसका सेवन आप सुबह-शाम नाश्ते के साथ या लंच में सलाद की तरह भी खा सकते हैं।

**लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.**

# आज का राशिफल

**मेष :** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। सुख-शांति बने रहेंगे।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कर्क :** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला :** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### जवाहर नवोदय विद्यालय की 24 छात्राएं अस्पताल में भर्ती, खाना खाने के बाद बिगड़ी हालत

**बुलन्दशहर.** बुलन्दशहर जिले के गांव बुकलाना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 126 बच्चों का ग्रुप दिल्ली के विभिन्न पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए रविवार को गया था। पूरे दिन बच्चे भूखे ही घूमते रहे। देरशाम लौटते समय स्कूल वालों ने बच्चों को दिल्ली मार्ग स्थित छिजारसी टोल प्लाजा के निकट ढाबे पर भोजन कराया। बताया कि भोजन करने के बाद कुछ छात्राओं को उल्टी, घबराहट और चक्कर की शिकायत होने लगी। स्कूल स्टाफ ने आननफानन में छात्राओं को सरस्वती मेडिकल कॉलेज हापुड़ में भर्ती कराया।

### टेंपो से एक-एक कर उतरीं 19 सवारियां, गिनती से पुलिस भी रह गई हैरान

**झांसी.** यूपी के झांसी में एक टेंपो से एक-एक कर 19 सवारियां उतरीं। सवारियों की गिनती से पुलिस भी हैरान रह गई है। इसके बाद पुलिस ड्राइवर समेत टेंपो को थाने ले गई। यातायात नियमों की अवहेलना के आरोप में पुलिस ने टेंपो को सीज कर दिया। मामला झांसी के बरुआसागर थाना क्षेत्र का है। झांसी में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रैलियां निकालकर लोगों से सतर्क होने को कहा जा रहा है। लेकिन, धरातल पर इसका असर कम ही देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक मामला झांसी के बरुआसागर में सामने आया है। थाना प्रभारी शिवजीत सिंह राजावत पुलिस बल के साथ रविवार तड़के ढाई बजे प्रमुख सड़क पर चेकिंग कर रहे थे। तभी एक टेंपो आता दिखाई दिया। उन्होंने ड्राइवर को टैंपो रोकने का इशारा किया। इससे वह सकपका गया।

### CRPF हवलदार ने पत्नी और बेटी संग खाया जहर, दंपति की मौत, बेटी ने बताया कारण

**मेरठ.** मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में गणपति विहार कॉलोनी निवासी सीआरपीएफ हवलदार ने पत्नी और बेटी के साथ सल्फास खा लिया। अस्पताल में हवलदार और उसकी पत्नी की मौत हो गई। प्रारंभिक छानबीन में खुलासा हुआ कि विभागीय जांच में हवलदार पर कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। बुढ़ाना के धनौरा निवासी 45 वर्षीय केशपाल सिंह वेदवान पुत्र जयवीर सिंह सीआरपीएफ में हवलदार थे और उनकी वर्तमान में तैनाती अंबाला में थी। केशपाल सिंह ने गणपति एन्क्लेव कॉलोनी में दो साल पहले मकान खरीदा था। पत्नी प्रियंका, 15 वर्षीय बेटी नव्या और 11 वर्षीय बेटे विवान उर्फ किट्टू के साथ यहां रह रहे थे। केशपाल 2001 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और इनका अब एएसआई पर प्रमोशन होना था। कुछ माह पूर्व एक विवादित मामले को लेकर केशपाल के खिलाफ आरोप लगे और जांच शुरू हुई थी।

# कांग्रेस सांसद गोगोई की पत्नी के ISI कनेक्शन का आरोप

- **पाकिस्तानी अली तौकीर के खिलाफ असम में FIR**
- **CM बोले- एलिजाबेथ का बॉस था तौकीर**



कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ब्रिटिश नागरिक हैं।

**गुवाहाटी.** असम पुलिस ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI कनेक्शन विवाद मामले में पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज की है। अली पाकिस्तान के योजना आयोग के स्थायी सलाहकार हैं।

असम कैबिनेट ने 16 फरवरी को DGP को पाकिस्तानी अली तौकीर शेख पर FIR दर्ज करने का निर्देश दिया था। उन पर भारत के आंतरिक मामलों और संसदीय मामलों पर भी कथित टिप्पणी का आरोप है। हालांकि, असम कैबिनेट ने कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ केस दर्ज नहीं करने का फैसला किया था।

सरमा ने 13 फरवरी को गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से जुड़े होने के आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि अली तौकीर शेख सांसद गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई का बॉस रह चुका है।

### गोगोई बोले- मैं भारत का रॉ एजेंट

लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने आरोपों को फर्जी बताया था। उन्होंने कहा था- मेरी पत्नी पर ISI एजेंट होने का आरोप है, तो मुझे रॉ एजेंट भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए ऐसे निराधार आरोप लगा रही है।

### CM सरमा के गौरव गोगोई, उनकी पत्नी और अली तौकीर पर आरोप...

- अली तौकीर शेख ने पाकिस्तान सरकार द्वारा गठित समितियों में कई पदों पर काम किया है।
- अली शेख के साथ लोकसभा सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई का बॉस रह चुका है।
- शेख एलिजाबेथ गोगोई के संपर्क में था, जो एक ब्रिटिश नागरिक और असम के सांसद गौरव गोगोई की पत्नी हैं।
- एलिजाबेथ की शादी असम के तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई से होने वाली थी, तो शेख को मुख्यमंत्री आवास में आने-जाने की पूरी आजादी थी।
- कहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI ने उस समय मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) में घुसपैठ करने की कोशिश तो नहीं की थी, जब गौरव गोगोई के पिता दिवंगत तरुण गोगोई राज्य के मुख्यमंत्री थे।
- एक भारतीय नागरिक से शादी के 12 साल बाद भी एलिजाबेथ ने अभी तक भारतीय नागरिकता क्यों नहीं अपनाई?
- राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए मंत्रिमंडल ने पुलिस महानिदेशक को अली तौकीर शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया है।
- एलिजाबेथ ब्रिटिश नागरिक होने के बावजूद भारत में चुनाव प्रक्रिया में भाग ले चुकी हैं और राज्य सरकार इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी।
- ऐतिहासिक रूप से असम आईएसआई और अन्य आतंकवादी संगठनों का गढ़ रहा है, जो बांग्लादेश और पाकिस्तान में सक्रिय थे।

# दिल्ली के नए CM की शपथ 20 फरवरी को

- **19 को विधायक दल की बैठक**

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक CM फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें CM की घोषणा होगी।

इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी आज विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और NDA शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी CM शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत और राजनयिक भी आएंगे।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के 12 से 16 हजार लोगों को भी बुलाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है। आज शाम को तावड़े-चुघ दिल्ली भाजपा नेताओं के साथ व्यवस्थाओं को लेकर बैठक करेंगे।

### रिजल्ट के 9 दिन बाद भी CM फेस ही नहीं



जनता को उम्मीद थी कि 8 फरवरी को रिजल्ट के बाद 9 फरवरी को CM की घोषणा और 10 फरवरी को शपथ हो जाएगा। दिल्ली की जनता चाहती थी कि हमारा काम 11 फरवरी से शुरू हो जाएगा, लेकिन यहां तो सिर्फ तारीख आगे बढ़ती जा रही है। भाजपा से अपना मुख्यमंत्री भी नहीं चुना जा रहा है। यह साफ दिखता है कि इनके पास CM फेस नहीं है।

### मुख्यमंत्री की रेस में 6 नाम

वैसे तो भाजपा अपने मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चौंकाती आई है। पार्टी सभी राजनीतिक कयासों को किनारे करते हुए संगठन के पुराने चेहरों को प्रदेश की कमान सौंपती है। इसके बावजूद 6 विधायकों के नाम मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 15 विधायकों के नाम निकाले हैं। उनमें से 9 नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं। इन्हीं 9 नामों में CM, कैबिनेट मंत्री और स्पीकर के नाम तय किए जाएंगे।

# नई दिल्ली भगदड़ मामला- स्टेशन पर CRPF की तैनाती

- **26 फरवरी तक काउंटर प्लेटफॉर्म टिकट बंद**

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (CRPF) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है। इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।

### 15 फरवरी को भगदड़ में 18 लोगों की मौत

नई दिल्ली स्टेशन पर 15 फरवरी को रात 9:26 बजे भगदड़ मचने से 11 महिलाओं और 5 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई थी। 25 लोग घायल हुए थे।

# दिल्ली-NCR के बाद बिहार में भी भूकंप

- **PM मोदी ने लोगों से शांत रहने की अपील की**



**नई दिल्ली.** दिल्ली-NCR में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। दोनों जगह रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है।

भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी।

भूकंप के तेज झटकों से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

भूकंप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर ट्वीट किया। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि इसका केंद्र धौलाकुंआ स्थित दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था।

### लोग बोले- ऐसा लगा जैसे ट्रेन झटके से रुकी

- पश्चिमी दिल्ली के निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पहली बार इतना तेज भूकंप महसूस किया।
- गाजियाबाद की एक ऊंची इमारत में रहने वाले व्यक्ति ने कहा कि झटके इतने तेज थे कि घबराहट में सभी लोग नीचे भाग आए।
- नोएडा सेक्टर 20 की ई ब्लॉक में सुबह टहल रही एक महिला ने कहा, रहम लोग पार्क में वॉक कर रहे थे, इसलिए ज्यादा महसूस नहीं हुआ। लेकिन यह काफी तेज था, लोग तुरंत बाहर आ गए।र
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे रतनलाल शर्मा ने कहा कि ऐसा लगा जैसे कोई ट्रेन अचानक झटके से रुक गई हो।र

### दिल्ली चुनाव के परिणामों से पार्टी कार्यकर्ता निराश न हों : मायावती

**लखनऊ.** बसपा की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें। बसपा प्रमुख ने कहा कि दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर "राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा" ही बनकर रह गया, जिसके चलते वहां के बहुजनों की स्थिति सुधरने वाली नहीं लगती है। मायावती ने सोमवार को दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। साथ ही दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में आगे के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# अमेरिका से डिपोर्ट 112 भारतीयों का तीसरा बैच अमृतसर पहुंचा

- **इनमें हरियाणा के 44, पंजाब के 33 लोग**
- **अब तक 332 लोगों को लौटाया**



**अमृतसर.** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों का तीसर बैच 16 फरवरी को रात 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के C-17 A ग्लोबमास्टर विमान में 112 लोगों आए हैं। इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं।

करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद ये लोग एयरपोर्ट से बाहर आए। हरियाणा के लोगों के लिए पुलिस के अधिकारी वॉल्वो बस लेकर पहुंचे। एयरपोर्ट पर अमृतसर की DC साक्षी साहनी भी पहुंचीं। उन्होंने कहा कि सभी लोग शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं। डिपोर्ट किए गए लोगों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। बच्चों को डाइपर के साथ दूध उपलब्ध करवाया।

बताया जा रहा है कि देश के 18 हजार लोगों को भारत भेजा जाएगा, जिनमें करीब 5 हजार लोग हरियाणा हैं। अब तक कुल 332 भारतीय डिपोर्ट हो चुके हैं।

वहीं, शनिवार रात साढ़े 11 बजे अमेरिकी विमान 116 भारतीयों का दूसरा बैच लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था। महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया।

# सीधी में खाई में गिरी बोलेरो, 4 की मौत

**सीधी.** सीधी में महाकुंभ जा रही बोलेरो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। 4 लोग घायल हुए हैं। सभी को संजय गांधी अस्पताल रीवा भेजा गया है। खाई 30 फीट से ज्यादा गहरी है, लेकिन पत्थर और पेड़ों की वजह से गाड़ी 12 फीट से ज्यादा नीचे नहीं जा पाई।

हादसा रविवार-सोमवार की देर रात करीब 2 बजे मूड़ा पहाड़ पर हुआ। सभी लोग सिंगरौली के जयंत से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। जैतपुर गांव से दो गाड़ियों में 13 लोग प्रयागराज के लिए निकले थे। इनमें एक गाड़ी में आठ और दूसरी में पांच लोग सवार थे।

स्थानीय ग्रामीणों को सुबह करीब 5 बजे हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अमिलिया थाना प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया- घायलों को जिला अस्पताल सीधी ले जाया गया था, जहां से सभी को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया। हालांकि उनके परिजन अपनी सुविधा से प्राइवेट वाहन के जरिए उन्हें सिंगरौली जिले के बैढ़न अस्पताल ले गए। वर्तमान में वहीं उनका इलाज चल रहा है।

# केंद्रीय मंत्री आठवले बोले- हिन्दू-मुस्लिम की शादी लव जिहाद नहीं

**कहा- धर्मांतरण के लिए कानून हो; महाराष्ट्र सरकार ने 3 दिन पहले कमेटी**

**मुंबई.** महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने हाल ही में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के DGP संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है।

इस पर मौजूदा बीजेपी सरकार में केंद्रीय मंत्री और NDA सहयोगी दल के नेता रामदास अठावले ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा- धर्मांतरण रोकने के लिए प्रावधान होने चाहिए, लेकिन समाज और धर्मों के बीच तालमेल बनाए रखना भी जरूरी है।



### अठावले बोले- लव जिहाद कहना गलत

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि अंतरधार्मिक शादियों को लव जिहाद कहना गलत है। वही, उन्होंने जबरन धर्मांतरण को रोकने की जरूरत भी बताई।

हालांकि, अठावले पहले लव जिहाद कानून के समर्थन में थे, लेकिन अब उनका कहना है कि अगर हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के के बीच शादी होती है तो धर्मांतरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा
अगर कोई हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़का आपसी सहमति से शादी करते हैं, तो इसे लव जिहाद नहीं कहा जाना चाहिए, लेकिन जबरन धर्मांतरण गलत है।

### रणवीर इलाहाबादिया की बढ़ती जा रहीं मुश्किलें

**नई दिल्ली.** यूट्यूब शो विवाद मामले में फंसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की मुश्किलें दिन-ब दिन बढ़ती जा रही हैं।

अब महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया को समन भेजा है और 24 फरवरी को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक, साइबर पुलिस ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो विवाद के संबंध में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को 24 फरवरी को पेश होकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा है।

एक अधिकारी ने कहा, ''इससे पहले साइबर अधिकारियों ने इलाहाबादिया को पुलिस के सामने पेश होने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नहीं आया। अब पुलिस ने उसे जांच में शामिल होने के लिए 24 फरवरी को फिर से तलब किया है।''

# भागवत बोले - पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है संघ

- **भारत को अंग्रेजों ने नहीं बनाया, यह सदियों से मौजूद था**

**कोलकाता.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने कोलकाता के बर्दवान में रविवार को स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर दिया।

भागवत ने कहा कि 'संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। हिंदू समाज को एकजुट क्यों करना है? क्योंकि इस देश के लिए जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है।

उन्होंने कहा कि आज कोई खास दिन नहीं है, फिर भी कार्यकर्ता इतनी गर्मी में सुबह से बैठे हैं क्यों? संघ क्या करना चाहता है? अगर इस सवाल का एक वाक्य में जवाब देना है तो संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है।

### भागवत बोले- भारत सिर्फ भूगोल नहीं



RSS चीफ भागवत ने कहा कि भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं 'विविधता में एकता', लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है।

# IPL का पहला मैच 22 मार्च को RCB-KKR के बीच

- **65 दिन में 74 मुकाबले, 12 डबल हेडर**
- **फाइनल ईडन गार्डंस में**



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने शाम 5.30 बजे 18वें सीजन का शेड्यूल रिलीज किया। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच कोलकाता में 22 मार्च को होगा।

दूसरा बड़ा मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस (MI) और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के बीच चेन्नई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। इस बार 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। 18 मई तक लीग स्टेज के 70 मैच होंगे, जिनमें 12 डबल हेडर हैं। यानी 12 बार 1 दिन में 2 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होगा।

### हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ मैच

IPL में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे।

फाइनल 25 मई को होगा, कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा।

पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होमग्राउंड राजीव गांधी स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला मैच विशाखापट्टनम में 24 मार्च को एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 25 मार्च को गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा। यह दोनों टीमों का सीजन में पहला ही मैच रहेगा।

### 23 मार्च को पहला डबल हेडर

18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को टूर्नामेंट के दूसरे दिन ही हो जाएगा। दोपहर 3.30 बजे से SRH और RR हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा।

अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे।

### चेन्नई और मुंबई ने सबसे ज्यादा टाइटल जीते

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। KKR 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

# सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थल कानून पर सुनवाई टली

- **3 जजों की बेंच में होनी थी**
- **CJI बोले- आज 2 जज मौजूद, बाद में देखेंगे**



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल इस केस की सुनवाई 2 जजों की बेंच में होनी थी। CJI संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ 2 जजों की बेंच बैठी है। यह मामला किसी और दिन देखेंगे। CJI ने इस मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करेंगे। इनकी भी एक सीमा होती है।

आज सुप्रीम कोर्ट को AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है। ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को लागू करने की मांग है। कानून के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता।

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की 6 धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को सुनवाई की थी।

# सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

- **बैकफुट पर कांग्रेस**



**नई दिल्ली.** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस बैकफुट पर आ गई है। पित्रोदा के चीन संबंधी बयान से कांग्रेस ने खुद को अलग कर लिया है और कहा है कि यह पार्टी के विचार नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीड़िया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पित्रोदा के विचार पार्टी के रुख को जाहिर नहीं करते हैं। उन्होंने लिखा है कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, "श्री सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा, और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं। जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन को दी गई क्लीन चिट भी शामिल है। चीन पर हमारा सबसे हालिया बयान 28 जनवरी 2025 को जारी किया गया था। यह भी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद को इस स्थिति पर चर्चा करने और इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकालने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है।"

## संक्षेप...

### घर में घुसकर महिला का विनयभंग

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस थाना अंतर्गत न्यू प्रकाश नगर, 4थी गली में रहने वाली एक 23 वर्षीय गृहिणी के घर में घुसकर 5 लोगों ने गालीगलौज व धक्कामुक्की कर महिला का विनयभंग किया.

मिली जानकारी के अनुसार नरीना मोहंमद शेख (मरिअम आलम मनियाार) (23) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल नलिन्दर साबले (30) फ़रीद वहाब शेख, (40) निनामुद्दीन उर्फ छोटू सिद्दीकी, (45) इरफ़ान इब्राहिम शेख, (40) व शब्बीर मोहम्मद अली शेख, (48) जबरन उसके घर में घुसे और उसके साथ गालीगलौज व धक्कामुक्की की.

पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ भादंसं की धारा 452, 354, 504, 506, 143, 147, 149 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# महाराष्ट्र सरकार में घमासान!

## उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शुरू करने जा रहे हैं खुद का मेडिकल हेल्प सेंटर



**मुंबई.** महाराष्ट्र में महायुति सरकार बनने के बाद से एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच का कोल्ड वॉर किसी से छुपा नहीं है. दरअसल, एकनाथ शिंदे को फिर से सीएम बनने की आशा थी, उस इरादे पर देवेंद्र फडणवीस ने सीएम बनकर पानी फेर दिया. इसके बाद से लगातार 'शीत युद्ध' की खबरें आती रही हैं. इस बीच एकनाथ शिंदे अब एक्शन मोड में आ गए हैं. शिंदे ने अपनी पार्टी के सभी मंत्रियों को फिल्ड पर उतरकर काम करने के आदेश दिए हैं. इसके साथ ही एकनाथ शिंदे 4 मार्च को उपमुख्यमंत्री सहायता वैद्यकीय कक्ष का उद्घाटन करने जा रहे हैं.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम से पहले से ही मेडिकल कक्ष शुरु है, लेकिन अब शिंदे के एंट्री के बाद अब दो-दो वैद्यकीय कक्ष होने वाले हैं. अब चर्चा यह भी है कि फडणवीस को टक्कर देने के लिए शिंदे ने यह फॉर्मूला तो नहीं अपनाया है.

### क्या है शिंदे की रणनीति?

एकनाथ शिंदे ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल मे 15 हजार मरीजों को 419 करोड़ रुपये दिए. इस कामकाज से अब एकनाथ शिंदे की तरफ लोगों की संख्या बढ़ने लगी है. शिंदे के पास अब पांच साल है, उस हिसाब से शिंदे अपने कदम रख रहे हैं. मंत्रालय के पहले फ्लोर पर यह कक्ष शुरू होने वाला है. इसी तरह, मंत्रालय की सातवीं मंजिल पर मुख्यमंत्री का वॉर रूम है, जहां महाराष्ट्र के प्रमुख प्रोजेक्ट्स और अहम मुद्दों की निगरानी होती है. उसके ठीक पास ही शिंदे ने डीसीएम कॉर्डिनेशन कमेटी कक्ष बना दिया है, जिससे वह भी राज्य की परियोजनाओं की समीक्षा कर सकें.

### सरकार की स्थापना और शिंदे की नाराजगी

पहले तो सरकार में शामिल होने पर एकनाथ शिंदे तैयार नहीं थे, दूसरी तरफ सरकार में डिप्टी सीएम पद पर शिंदे नाराज चल रहे हैं. हाल ही मे आपदा प्रबंधन कमेटी में शिंदे को जगह नहीं दी गई थी, लेकिन उनकी नाराजगी के बाद नए नियम बनाकर उन्हें शामिल किया गया.

इसी तरह, रायगढ़ और नासिक जिलों के पालक मंत्री पद को लेकर विवाद अब तक सुलझ नहीं पाया है. शिंदे शिवसेना के नेता और उनके समर्थक भले ही सार्वजनिक रूप से सरकार में सब कुछ ठीक होने की बात कहें, लेकिन अंदरखाने असंतोष की खबरें लगातार सामने आ रही हैं.

# नासिक कुंभ 2027 : CM योगी से मदद लेगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ की सफलता के बाद महाराष्ट्र सरकार साल 2027 में लगने वाले नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अभी से ही तैयारी में जुट गई है.

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी मौजूद थे. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बैठक के बाद नासिक कुंभ 2027 की तैयारियों पर कहा कि मैंने योगी आदित्यनाथ से बात की. वहां (प्रयागराज) पर जो योजना की गई है, करोड़ों लोग वहां पर आए हुए हैं. उस योजना को देखने के लिए यहां से सभी अधिकारियों की एक टीम प्रयागराज जाने वाली है और वहां के लोग उनका मार्गदर्शन करेंगे.

### अगला कुंभ नाशिक के त्र्यम्बकेश्वर में



बता दें कि प्रयागराज के बाद अब अगला कुंभ 2027 में महाराष्ट्र के नासिक में लगेगा. यह मेला त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया जाएगा. इसके बाद 2028 में पूर्ण कुंभ का आयोजन सिंहस्थ, उज्जैन में होगा. वहीं 2030 में प्रयागराज में अर्धकुंभ आयोजित होगा. ऐसे में कुंभ मेला 2027 की तैयारियां शुरु हो गई हैं और राज्य की सभी एजेंसियों को योजना तैयार करने को कहा गया है.

नासिक कुंभ 2027 की तैयारियों पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, ₹मैंने योगी आदित्यनाथ जी से बात की। वहां (प्रयागराज) पर जो योजना की गई है, करोड़ों लोग वहां पर आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैंने योगी आदित्यनाथ बात की है और उन्होंने कहा है कि आप अपनी टीम भेजिए और हम उनको पूरी जानकारी देंगे, ताकि हमारा यह कुंभ यशस्वी हो जाए और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

# कोई भी मराठी स्कूल बंद नहीं किया जाएगा - CM



**जलगांव.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठी शिक्षा को संरक्षित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि कोई भी मराठी स्कूल बंद नहीं किया जाएगा। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा, ₹हमने लगातार निर्देश दिए हैं कि कोई भी मराठी स्कूल बंद नहीं होना चाहिए। दूसरा, हमने स्कूलों में मराठी पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है, चाहे वह मराठी हो या हिंदी स्कूल। और हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र स्थापित कर रहे हैं कि इस निर्देश का ठीक से पालन किया जाए...

इससे पहले, महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'लव जिहाद' के खिलाफ़ एक समिति बनाने के बारे में बोलते हुए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ये घटनाएँ ₹बहुत गंभीर हैं और कार्रवाई की जानी चाहिए।₹ सीएम फडणवीस ने कहा, ₹सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में लव जिहाद की वास्तविकता को दर्शाया है और इसका समर्थन किया है। और महाराष्ट्र जैसे राज्य में भी हम लगातार देख रहे हैं कि इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं। सबसे पहले, हम सभी को यह समझना चाहिए कि एक धर्म के व्यक्ति का दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी करना गलत नहीं है। लेकिन झूठ बोलकर और गलत पहचान दिखाकर शादी करना गलत है। ये जो घटनाएं हो रही हैं, वे बहुत गंभीर हैं, इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।₹ महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन और 'लव जिहाद' के खिलाफ संभावित कानून के लिए कानूनी विकल्प तलाशने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। पुलिस महानिदेशक की अगुवाई में एक पैनल में महिला और बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून और न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह मामलों जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

# प्रयागराज महाकुंभ में महाराष्ट्र के डॉक्टरों की 'संजीवनी' सेवा!

- वैष्णव चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर 25 दिनों तक नि:शुल्क चिकित्सा सहायता

**उल्हासनगर.** प्रयागराज महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक उत्सव है! लाखों भक्तों से भक्ति ऊर्जा का निरंतर प्रवाह, और साथ ही भक्तों के स्वास्थ्य की महान जिम्मेदारी! इस जिम्मेदारी को समझते हुए वैष्णव चैरिटेबल एवं मेडिकल ट्रस्ट ने महाराष्ट्र से 30 डॉक्टरों और 20 सेवकों की एक विशेष टीम महाकुंभ के लिए भेजी थी। इस टीम ने 25 दिनों तक लगातार सेवा करते हुए हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क दवाइयां और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई।

महाकुंभ मेले में भीड़ के कारण कई लोग शारीरिक बीमारियों, तापघात, उच्च रक्तचाप, सर्दी, बुखार, शरीर में दर्द और कमजोरी से पीड़ित हो जाते हैं। इसके लिए वैष्णव चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रयागराज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की गई। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शुगर, ब्लड प्रेशर, डिहाइड्रेशन, अपच, बुखार, घाव व अन्य चिकित्सा समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए सेवाएं प्रदान की। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए, वैष्णव ट्रस्ट ने अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवाएं और चिकित्सा आपूर्ति पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई। परिणामस्वरूप, श्रद्धालुओं को समय पर उपचार मिला और संभावित स्वास्थ्य खतरों को रोका गया। इस पहल के लिए डॉ. रमेश चौधरी, डा. सुनील हरुलकर, अमर तोशावरा, दिलीप सातव, वसंतराव गोर्डे, पोपट कुंभार, अनिल पांडे, वेंकट जाधव, सुषमा हरुलकर, सेवकरी संतोष नलावडे और अमेय तंबोली सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। उल्हासनगर, कल्याण, मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों से आए डॉक्टरों की इस टीम ने श्रद्धालुओं को चौबीसों घंटे चिकित्सा सहायता प्रदान की।

महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं ने इस सेवा को भारी प्रतिसाद दिया। ₹इस सेवा से हमें बहुत सहायता मिली। अगर डॉक्टरों ने समय पर हमारी मदद नहीं की होती, तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी समस्या हो जाती!₹ कई भक्तों ने ऐसी भावनाएं व्यक्त कीं। वैष्णव ट्रस्ट ने यह दर्शाया कि धार्मिक अनुष्ठानों में केवल आस्था ही नहीं, बल्कि सेवा और सहायता भी महत्वपूर्ण है। इस 25 दिवसीय सेवा ने हजारों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा सामाजिक प्रतिबद्धता का आदर्श स्थापित किया। महाकुंभ में सेवाओं के सफल समापन के बाद, ट्रस्ट ने भविष्य में ऐसी पहलों को और विस्तारित करने का संकल्प लिया है। वैष्णव चैरिटेबल ट्रस्ट की इस पहल ने धार्मिक समारोहों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है और समाज सेवा की यह विरासत जारी रहेगी।

# महिला श्रमिक का हाथ मशीन में जला

- मैनेजर, सुपरवाइजर समेत 3 लोगों के खिलाफ मामला

**भिवंडी.** भूमि वर्ल्ड, पिंपलास, भिवंडी स्थित एक पैकेजिंग कंपनी में काम करते वक्त एक महिला श्रमिक का हाथ हॉट ग्लू मशीन में जाने से जल गया. इस संबंध में सुपरवाइजर समेत 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

महिला श्रमिक आंचल राजेंद्र रावत (20) भूमि वर्ल्ड, पिंपलास, भिवंडी स्थित एक पैकेजिंग कंपनी में काम कर रही थी. तभी उसका हाथ अचानक मशीन में फंस गया और उसके बाएं हाथ की हथेली जल गई। वादी का पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया और फिर उसे छुट्टी दे दी गई। हालांकि, तारीख पर 14/02/2025 को शिकायतकर्ता को सांस लेने में कठिनाई होने लगी और न्यू स्पंदन अस्पताल, कल्याण में चिकित्सा उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

यह जानते हुए भी कि शिकायतकर्ता एक नई कर्मचारी है, वहां की सुपरवाइजर मुस्कान ने शिकायतकर्ता से वहां मशीन पर काम करवाया। इसलिए, सुपरवाइजर मुस्कान और वहां के मैनेजर नितेश सिंह व एक अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

### तड़ीपार आरोपी धराया

**भिवंडी.** आरोपी कलीम सलीम कुरैशी (33) (निवासी कुरैशीनगर, निजामपुरा, भिवंडी) को पुलिस आयुक्त जोन-2 के आदेश पर 20 फरवरी 2024 को 1 वर्ष की अवधि के लिए ठाणे जिले की सीमा से बाहर निर्वासित किया गया था, फिर भी आरोपी उक्त आदेशों का उल्लंघन करते हुए उपर्युक्त स्थान पर पाया गया. पुलिस ने आरोपी को भारतीय सुरक्षा संहिता २०२३ की धारा ३५ (3) के तहत समजपत्र अदा किया है.

# पत्नी से झगड़े के बाद बच्ची को जमीन पर पटक कर मार डाला

**मुंबई.** कुर्ला में चार साल की बच्ची की अपने ही पिता के हाथों मौत हो गई। परवेज सिद्दीकी ने अपनी पत्नी के साथ तीखी बहस के दौरान गुस्से में आकर अपनी बेटी आफिया सिद्दीकी पर गुस्सा जाहिर करने से पहले उस पर हमला किया। एक खौफनाक हरकत में उसने बच्ची को जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आफिया को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मुंबई के विनोबा भावे नगर पुलिस ने सिद्दीकी को गिरफ्तार किया और उस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम की धारा 103(1) और 115(2) के तहत आरोप लगाए। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। एक अन्य दुखद घटना में, 30 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर राजेश चौहान की उसकी ही पत्नी पूजा ने अपने प्रेमी इमरान मंसूरी की मदद से बेरहमी से हत्या कर दी। यह अपराध 3 फरवरी की रात को मालवणी के राठौड़ी इलाके में हुआ।

पूजा और राजेश की शादी मंसूरी के साथ उसके प्रेम संबंध के कारण तनावपूर्ण थी, जो पीड़िता का करीबी दोस्त भी था। राजेश को अपने रिश्ते में बाधा के रूप में देखते हुए, दंपति ने कथित तौर पर उसकी हत्या की साजिश रची। उस दुर्भाग्यपूर्ण रात को, पूजा ने अपने दो बच्चों के सामने अपने पति का गला काट दिया। अपराध को छिपाने के प्रयास में, पूजा और मंसूरी ने राजेश के शव को मोटरसाइकिल पर ले जाकर 500 मीटर दूर एक सुनसान इलाके में फेंक दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश की।

# एयर इंडिया मॉडर्न स्कूल का 62वां वार्षिक सम्मान समारोह संपन्न





**मुंबई.** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एयर इंडिया मॉडर्न स्कूल का 62वां वार्षिक समागम एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुए।

14 और 15 फरवरी 2025 को दो दिवस विद्यालय प्रांगण में संस्थान के अध्यक्ष शशिकांत सालुंखे सर द्वारा देवी सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ मनाए गए। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, साथ ही संस्थान के अन्य गणमान्य पदाधिकारीगण, तीनों विभागों के प्राचार्यगण, उप-प्रधानाचार्य उपस्थित थे। प्राथमिक विभाग में कार्यक्रम का परिचय तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट ढंग से किया गया। माध्यमिक विभाग का समन्वय उनके वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया गया।

प्राथमिक विभाग के प्रधानाचार्य तथा माध्यमिक विभाग के उप-प्रधानाचार्य ने शैक्षणिक वर्ष के दौरान अपने-अपने विभागों में क्रियान्वित गतिविधियों, अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं तथा उनमें विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त सफलता की रिपोर्ट पढ़ी। भारतीय त्योहारों की अवधारणा पर सभी विद्यार्थियों ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किए तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी से कक्षा दस तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक प्रगति तथा अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए प्रमाण-पत्र तथा पदक देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के बाद विद्यालय के अध्यक्ष शशिकांत सालुंखे सर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ कौशल और कलात्मक गुणों का विकास करने वाली सम्पूर्ण शिक्षा प्राप्त करना कितना महत्वपूर्ण है और इस उद्देश्य के लिए संस्था कितनी प्रतिबद्ध है। उन्होंने तीनों विभागों के प्राचार्यों, सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की पुनर्मिलन के सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की। पुनर्मिलन समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लड़की को शादी की लालच देकर किया कुकर्म और चाकू से किया हमला

- पीड़िता का मुंबई में इलाज चल रहा है इलाज
- हत्या के प्रयास में प्रेमी युवक गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी कोनगांव पुलिस क्षेत्र में रहने वाली एक 19 वर्षीय लड़की के साथ शादी करने का झांसा देकर एक युवक ने जबरन बलात्कार किया और लड़की पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर घायल कर एक सुनसान सड़क पर छोड़कर फरार हो गया.पीड़िता के घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर आरोपी कुणाल पासवान को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोनगांव क्षेत्र के सरावली गांव की 19 वर्षीय लड़की 11 फरवरी की शाम करीब 7 बजे अचानक गायब हो गई.माता-पिता ने सुबह करीब 3 बजे कोनगांव पुलिस स्टेशन में सूचना दी कि वह घर में किसी को बताए बिना कहीं चली गई है.शिकायत दर्ज करने के कुछ ही घंटों बाद, पीड़िता के पिता ने सुबह पुलिस को फोन किया और बताया कि शेलार गांव की सीमा में अंबिका सिटी की सड़क पर उनकी बेटी पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया और उसे घायल कर दिया गया है.उसे एक रिक्शा चालक ने उसे इलाज के लिए आईजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है.पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची लेकिन पीड़िता की हालत गंभीर होने के कारण पीड़िता को आगे के इलाज के लिए मुंबई के जे जे अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने मुंबई के अस्पताल में जाकर पीड़िता से पूछताछ की

लड़की ने पुलिस को बताया कि उसका दोस्त कुणाल पासवान उसे शादी का झांसा देकर टेमघर स्थित एक कमरे में ले गया और उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाया. आरोपी उसे यह कहकर शेलार गांव के बगल में अंबिका सिटी की ओर जाने वाली सड़क पर ले गया कि पासवान उसको अपने घर ले जाएगा. प्रेमी पासवान ने कटर से उसकी गर्दन और हाथ पर जानलेवा वार कर गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर छोड़ दिया.पीड़ित लड़की द्वारा इस तथ्य की सूचना देने के बाद कोनगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज कर लिया और आरोपी के मोबाइल फोन की तकनीकी रूप से जांच कर आरोपी कुणाल पासवान को गिरफ्तार कर लिया.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# एकता कपूर के खिलाफ FIR

- यूट्यूबर हिंदुस्तानी भाऊ ने सैनिकों के अपमान का आरोप लगाया
- कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी



फिल्म प्रोड्यूसर एकता कपूर पर भारतीय सैनिकों के अपमान का आरोप लगा है। यूट्यूबर विकास पाठक उर्फ 'हिंदुस्तानी भाऊ' ने एकता कपूर, उनके पिता जितेंद्र, मां शोभा और एकता के ओटीटी प्लेटफॉर्म एएलटी बालाजी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### 9 मई तक पेश करनी है रिपोर्ट

मुंबई की लोकल कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को एकता कपूर के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया है। साथ ही 9 मई तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। दरअसल, एएलटी बालाजी पर वेब सीरीज में भारतीय सैनिकों का अपमान करने का आरोप है। वकील अली काशिफ खान देशमुख की एफआईआर के मुताबिक एएलटी बालाजी की एक वेब सीरीज के एपिसोड में सेना के जवान को अवैध सेक्सुअल एक्टिविटी करते दिखाया गया है।

शिकायत में कहा गया है कि विकास पाठक उर्फ 'हिंदुस्तानी भाऊ' को मई 2020 में इसके बारे में पता चला था। जिसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई।

### भारतीय सेना के अपमान का आरोप

शिकायत के मुताबिक, प्रोड्यूसर ने सीरीज में भारतीय सेना की वर्दी को राष्ट्रीय प्रतीक के साथ अवैध सेक्सुअल एक्ट में दिखाकर हमारे देश की गरिमा और गौरव को गलत तरीके से पेश किया है। इससे पहले भी एएलटी बालाजी पर इसी तरह के सवाल उठाए गए हैं।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe

Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099